न्यायालय प्रथम अपील अधिकारी एंव जिला कलेक्टर ,टोंक

प्रकरण संख्या 108/2025

श्री प्रहलाद चन्द पुत्र रामसुख रैगर निवासी 9 सुन्दर वाटिका, टोंक रोड सांगानेर जयपुर पिन 302029 ——अपीलार्थी

बनाम

राज्य लोक सूचना अधिकारी एंव अति0 जिला कलेक्टर टोंक ——प्रत्यर्थी

अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय दिनांक **04.12.2025**

प्रकरण का संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी ने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत ऑन लाईन अपील पेश की है। अपीलार्थी द्वारा राज्य लोक सूचना अधिकारी एंव अति0 जिला कलेक्टर टोंक को आवेदन पत्र दिनांक 13.10.2025 को प्रेषित/प्रस्तुत कर निम्न वर्णित सूचना चाही गई:—

निम्नलिखित दिनांक को प्रेषित प्रार्थना पत्रों का जवाब सहित प्रमाणित प्रतिलिपिया देने की कृपा करे—

क. सं.	दिनांक	Address to The	Speed post	
			Despatch date	Delivered date
1	15.04.2025	लोक सूचना अधिकारी कलेक्ट्रेट टोंक	15.04.2025	16.04.2025
2	03.05.2025	लोक सूचना अधिकारी कलेक्ट्रेट टोंक	03.05.2025	05.05.2025
3	16.05.2025	प्रथम अपील अधिकारी, जिलाधीश टोंक	16.05.2025	19.05.2025
4	03.06.2025	प्रथम अपील अधिकारी, जिलाधीश टोंक	03.06.2025	04.06.2025
5	03.06.2025	लोक सूचना अधिकारी एंव अति0 जिला कलेक्टर टोंक	03.06.2025	04.06.2025

अपीलार्थी को निर्धारित समयावधि में सूचना उपलब्ध नहीं होने पर प्रत्यर्थी के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई है। अपील दर्ज रजिस्टर कर अपील प्रा0पत्र की छायाप्रति राज्य लोक सूचना अधिकारी एंव अति0 जिला कलेक्टर टोंक को पत्र क्रमांक 2212 दिनांक 19.11.2025 को प्रेषित कर रिपोर्ट तलब की गई। अपीलार्थी को सुनवाई हेतु तलब किया गया। अपीलान्ट उपस्थित नहीं हुए। राज्य लोक सूचना अधिकारी एंव अति0 जिला कलेक्टर टोंक ने पत्र क्रमांक 1140 दिनांक 30.11.2025 से जवाब प्रेषित किया है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना उनके पत्र क्रमांक 1069 दिनांक 17.11.2025 से भिजवायी जा चुकी है। अतः अपील में कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं होने से अपील अस्वीकार योग्य है।

(मुहर: जिला कलेक्टर, टोंक (राजस्थान))

754

(हस्ताक्षर)
जिला कलेक्टर
टोंक

फलतः अपील अपीलाण्ट अस्वीकार की जाती है। निर्णय की प्रति राज्य लोक सूचना अधिकारी एंव अति0 जिला कलेक्टर टोंक तथा अपीलार्थी को प्रेषित की जावे।

(कल्पना अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी
एंव जिला कलेक्टर टोंक

जिला कलेक्टर
टोंक

न्यायालय जिला कलेक्टर टोंक (राजस्थान)